तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 जून 2024

4 जिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों को आश्रम छात्रावास की दरकार





## खबर संक्षेप

### एतमानगर रेंज में दल से बिछड़े हाथी ने फिर तोड़ा मकान

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के एतमानगर व केंदई में हाथियों का आतंक जारी है। एतमानगर रेंज में सक्रिय 18 हाथियों के दल में शामिल उत्पाती दंतैल लगातार दूसरे दिन रेंज अतंर्गत कटमोरगा गांव पहुंच गया। बस्ती में उत्पात मचाते हुए धनी राम यादव तथा एक अन्य ग्रामीण के घर को ढहा दिया। गांव में लगातार दूसरे दिन उत्पाती दंतैल के पहुंचने व घर ढहाए जाने से ग्रामीण दहशत में है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दंतैल की निगरानी में लगे हुए है। बीती रात दंतैल के गांव की ओर रूख करने की सूचना मिली रेंजर देव दत्त खांण्डे के नेतृत्व में कटमोरगा पहुंची और उत्पाती हाथी को खदेडन्ने की कार्रवाई की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल जंगल की ओर भाग निकला। वन अमला रातभर गांव में डटा रहा। सुबह होने पर मुख्यालय लौटा। ज्ञात रहे दंतैल ने इससे पहले सोमवार की रात गांव में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया था। 4 ग्रामीणों के घर को ध्वस्त कर उन्हें तथा उसके परिवार को बेघर कर दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय पारंपरिक दिवस पर खेलों का आयोजन

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबध्द कमला नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा गोदग्राम भादा में प्रथम अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न ग्रामीण खेलों का आयोजन किया गया। अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन व रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने अमृत वाटिका में ग्राम के बच्चों को आमंत्रित कर बिल्लस, गोटा, चिड़िया उड़,पंजा - लड़ाई ,शेर - बकरी, नदी -पहाड़ आदि ग्रामीण खेल खिलाकर शारीरिक तंदुरुस्ती, एकाग्रता तथा फिटनेस के प्रति बच्चों का ध्यान खींचने का प्रयास किया। अनेक ऐसे खेल व शारीरिक गतिविधियां जो धीरे-धीरे विस्मृत हो रही है, बच्चों में मोबाइल एवं इंटरनेट के अधिकाधिक प्रयोग ने उनकी शारीरिक क्रियाशीलता को कम किया है तथा बच्चे शारीरिक रूप से स्थिर होकर माइंड गेम की तरफ अधिक सक्रिय हो रहे हैं जो बच्चों के स्थिर दीर्घकालिक विकास के लिए खतरा है।

### सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई से

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं व 12वीं की शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कंपार्टमेंट परीक्षा की तिथियां जारी कर दी हैं। इसके तहत 10वीं की परीक्षाएं 15 से 22 जुलाई तक और 12वीं की परीक्षा 15 जुलाई को होगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि ये अस्थायी तिथियां हैं, जो विद्यार्थियों की मदद के लिए जारी की हैं। फाइनल डेटशीट एलओसी जमा करने की अंतिम तिथि के बाद जारी की जाएगी। परीक्षाएं कुल तीन घंटे की होंगी, जो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेंगी।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सेकंडरी (क्लास 10) और सीनियर सेकंडरी (क्लास 12) कम्पार्टमेंट एग्जाम के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड एग्जाम डेट से कुछ दिन पूर्व डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

### कोयला अधिकारियों को मिलेगा पीआरपी

**कोरबा।** एसईसीएल समेत कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी इकाइयों में काम कर रहे कोयला अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 का परफॉर्मेंस रिलेटेड पे (पीआरपी )का भुगतान 26 जून तक करने का कोल इंडिया ने आदेश जारी किया है। कोल इंडिया के उप महाप्रबंधक,(अधिकारी स्थापना )सुरपुरेड्डी वी रवींद्रनाथ की ओर से मंगलवार को जारी किए गए आदेश में भुगतान को लेकर प्रक्रिया शुरू करने को सभी अनुषंगी कंपनियों के प्रबंधन को कहा गया है।

# बारिश के पानी को संरक्षित करने शासकीय भवनों में बनाए जाएंगे वाटर हार्वेस्टिंग पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में किसी तरह के शासकीय भवन में वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। जल संरक्षण के लिए जिला व ब्लॉक मुख्यालय में बारिश के पूर्व अभियान की शुरुआत की जाएगी। सरकारी दफ्तरों के अलावा ग्राम पंचायत भवन व सामुदायिक भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण अनिवार्य किया गया है। इसके लिए आम लोगों की भागीदारी बढ़ाए जाने के लिए क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वाटर हार्वेस्टिंग पिट निर्माण हेतु प्रत्येक बारिश में अभियान चलाया जाता है, इस वर्ष भी यह अभियान चलाया जाएगा। सबसे पहले सरकारी भवनों में प्राथमिकता से निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

## जल संरक्षण अभियान के तहत जिला व ब्लाक मुख्यालय में होगा काम

### खास बातें

- ग्राम पंचायत व सामुदायिक भवन में किया गया अनिवार्य
- स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं बने हैं पिट



### इन दफ्तरों में बनेंगे

वाटर हार्वेस्टिंग पिट के निर्माण जिन सरकारी दफ्तरों में किया जाएगा उनमें जनपद पंचायत कोरबा, कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पीएचई कार्यालय, उपभोक्ता फोरम में वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाए जाएंगे। इसी तरह ब्लॉक मुख्यालय में भी कई सरकारी दफ्तर संचालित है लेकिन जल संरक्षण अभियान के तहत वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण कार्य जिला मुख्यालय तक ही सीमित है।

### नहीं ली गई पिट निर्माण में रुचि

वाटर हार्वेस्टिंग पिट निर्माण सभी सरकारी दफ्तरों में अनिवार्य किए जाने के बावजूद कुछ अफसरों ने पिट के निर्माण हेतु अपनी रुचि नहीं दिखाई यही कारण है कि जल संरक्षण अभियान दोबारा चलाने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम सीमा अंतर्गत वार्डों में बने सामुदायिक भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग पिट का कार्य पिछले वर्ष शुरु किया गया था उसमें भी कई पिट आज तक नहीं बने हैं। इनमें बालको जोन अंतर्गत राम मंदिर के समीप बने सामुदायिक भवन, हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन, लालघाट सामुदायिक भवन ऐसे सरकारी भवन है जहां वार्ड के पार्षदों ने पिट के निर्माण में रुचि नहीं ली।

प्रशासन में कुछ सरकारी दफ्तर ऐसे हैं जहां वर्षा के जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे दफ्तरों को प्रशासन के द्वारा चिन्हित किया गया है जहां वाटर ⏭ शेष पेज 3 पर


### सभी परियोजनाओं पर कोयला डिस्पैच ही फोकस, पर यात्री गाड़ियों के दौड़ने की भी बढ़ जाएंगी संभावनाएं

# अधूरी परियोजनाएं पूरी हुईं तो कोरबा में चहुंओर दिखेंगी रेल लाइन, मिलेगी विकास को गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल लाइन से जोड़ने चारों दिशाओं के लिए परियोजनाओं पर काम जिले में हो रहे हैं। कुछ परियोजनाओं पर शुरू भी हो गया तो कुछ पर अब शुरू होगा, जबकि कुछ का सर्वे होना शेष है। कोरबा-चांपा-बिलासपुर रूट को छोड़ दें तो अभी भी 7 रेल परियोजनाओं के अस्तित्व में आने का इंतजार है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने पर न केवल कोरबा जिला के चहुंओर रेल लाइन नजर आएगी।

कोरबा धरमजयगढ़ होते हुए गुमला, रांची से, अंबिकापुर होते हुए रेनूकोट से भी जुड़ जाएगा। कोरबा से सीधे पेंड्रा रोड जुड़ने से एसईसीएल की खदानों से निकलने वाले कोयले का डिस्पेच बिना किसी रुकावट के हर दिशा में होगा। इससे मुख्य रूट पर यात्री ट्रेनों में आ रही बांधाएं दूर हो जाएंगी और नए रूट पर भी यात्री गाड़ियों के शुरू होने की संभावनाएं बन जाएंगी। इससे रूट विशेष के गांव पहली बार रेल लाइन से जुड़ेंगे और वहां के लोगों के विकास में भी गति आएगी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अभी जिस तरह की परेशानी यात्रियों को हो रही है वह आने वाले 5-6 वर्षों में दूर कर ली जाएगी। कोरबा से जुड़ी नई रेल लाइनों पर फोकस किया जा रहा है। जैसे जैसे मंजूरी मिल रही है वैसे वैसे काम कराया जा रहा है। भविष्य में यात्री ट्रेनों को किसी भी मालगाड़ी की वजह से रुकावट देखने को नहीं मिलेगी। इस दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### लाइन बिछी, मालगाड़ी दौड़ रही, पर यात्री ट्रेन नहीं

रायगढ़ जाने व आने के लिए बालपुर से सारागांव के बीच नई रेल लाइन वर्ष 2018 में बिछ गई है। उसके बाद इस लाइन पर गुड्स ट्रेन चलाने का ट्रायल करने के साथ उनका परिचालन शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक यात्री ट्रेन चलाने के लिए ट्रायल तक नहीं हो पाया है। 64 साल से कोरबा रेल लाइन से कनेक्ट है लेकिन रायगढ़ से अभी भी दूरी बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर गेवरारोड से सीपत तक एनटीपीसी द्वारा रेल लाइन बिछाई गई है। इस रेल लाइन के समकक्ष नई रेल लाइन बिछाते हुए जयरामनगर व गतौरा के बीच जोड़ने की योजना है। बीते साल मंडल के अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी कर चुके हैं। विस्तार होने के बाद गेवरा-दीपका क्षेत्र के लोग सीधे बिलासपुर से जुड़ जाएंगे।

### वह परियोजना जिसके काम में आएगी तेजी

कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन : इसके लिए सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 294.53 किलोमीटर की नई ब्रॉड गेज विद्युतीकृत लाइन को मंजूरी दी थी। कुल 27 स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसमें 12 स्टेशन राजनांदगांव जिले में और 15 स्टेशन कवर्धा से कटघोरा के बीच बनने हैं। खास बात यह है कि बनने के बाद नागपुर, झारसुगुडा रेलमार्ग पर चलने वाली मालगाड़ियों का लोड कम होगा। सभी 27 स्टेशन वाले हिस्सों में पहली बार रेल लाइन पहुंचेगी।

### वह रेल परियोजना जिसका चल रहा है काम

गेवरा-पेंड्रारोड रेल कॉरिडोर : इसके लिए सरकार ने साल 2014 में योजना बनाई थी। साल 2015 में इसके लिए बजट में मंजूरी मिली। फिर सरकार बदलने के बाद 2018 में काम बंद हो गया। 127.7 किलोमीटर लंबी रेल लाइन की 1700 करोड़ की परियोजना अब 2100 करोड़ की हो गई है। इस परियोजना में 9 स्टेशन बनेंगे, जिसके लिए जिले के 22 गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई है एवं उरगा-धरमजयगढ़ रेल कॉरिडोर : इंजीनियरिंग और ट्रैफिक सर्वे का काम 2012 से 2017 के बीच किया गया था। यातायात की संभावनाओं पर खरा उतरने के बाद रेलमार्ग के निर्माण को हरी झंडी मिली। 2016 में सरकार ने प्रदेश में 884 किलोमीटर रेल लाइन के विस्तार के लिए रेल मंत्रालय, कोल मंत्रालय के साथ मिलकर ज्वाइंट वेंचर कंपनी का गठन किया था, लेकिन बीच में ही प्रक्रिया रुक गई। 1686 करोड़ की हो चुकी इस परियोजना के 6 रेलवे स्टेशन बनेंगे।

### रेल परियोजनाएं जो अभी फाइलों में हीं

अंबिकापुर से रेनूकोट तक बीते साल सर्वे कराया गया है। जबकि कटघोरा से अंबिकापुर के बीच सर्वे भी शुरू नहीं हो सका है। इस प्रोजेक्ट से कटघोरा से अंबिकापुर के बीच के गांवों के लोग भी पहली बार रेल सुविधा से जुड़ेंगे इसी तरह धरमजयगढ़, पत्थलगांव, लोहरदगा रेल लाइन 240 किलोमीटर और सरडेगा पत्थलगांव रेल लाइन 128 किलोमीटर स्वीकृत सर्वे कार्य में शामिल है। इससे कोरबा, जशपुर, पत्थलगांव के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल जशपुर में रेलवे लाईन को लेकर काफी लंबे समय से लोगों को इंतजार है। 2019 में मामला संसद में लाया गया, उसके बाद नई रेल लाईन के लिए भू तकनीकी जांच, फील्ड विवरण तैयार करने की प्रक्रिया की शुरुआत हुई। यहां बताना होगा कोरबा-धरमजयढ़ के बीच पूर्व से रेल कॉरिडोर प्रस्तावित है, धरमजयगढ़ से लोहरदगा जुड़ने पर कोरबा सीधे रांची से जुड़ जाएगा।

# समस्याएं यथावत, कलेक्ट्रेट के सामने विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन अधिग्रहण के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा प्रभावित भूविस्थापितों के रोजगार मुआवजा सहित अन्य मामलो के निराकरण नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट के सामने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। तपती दोपहरी में भूविस्थापित अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। जिसके बाद कलेक्टर के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से संबंधित परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। भूविस्थापितों का आरोप है कि परियोजना के लिए जमीन अर्जित करने के बाद संबंधित समस्याओं को हल करने में प्रशासन के द्वारा दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। भूविस्थापित 42 डिग्री की तपती दोपहरी में अपने संगठन के बैनर पर जिला मुख्यालय तक पहुंच बनाई। इससे पहले लोगों के द्वारा अल्टीमेटम दिया गया था और उम्मीद की थी समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक कार्य की जाएगी। जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऐसे लोगों की जमीन ली गई है और रोजगार से लेकर अन्य मामले अटके हुए हैं। विस्थापित वर्ग ने खासतौर पर कटघोरा एसडीएम के स्तर से मामले में कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की। भूविस्थापितों ने बताया कि उनके लंबित प्रकरणों को निपटने के साथ राहत देने का काम किया जाए। कलेक्ट्रेट के सामने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के इकट्ठे होने से इस रास्ते पर चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि इस दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारी कलेक्ट्रेट गेट के बाहर उपस्थित थे और वे यहां की चीजों पर निगरानी रख रहे थे। एक दिन पहले ही प्रभारी कलेक्टर के द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# एसईसीएल गेवरा खदान में की गई मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान क्षेत्र के डब्ल्यू-1, डब्ल्यू-5 टीआरएस क्षेत्र में मल्टी एजेन्सी द्वारा आपदा प्रबंधन पर मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें गेवरा खदान के प्रभावित भूविस्थापितों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर उग्र हो जाते है एवं सुरक्षा घेरे को तोड़ने का प्रयास करते है। तब प्रबंधन की संपत्ति की रक्षा हेतु उग्र प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने हेतु लाठी-ड्रिल का प्रयोग किया जाता है। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी भीड़ से निकलकर डब्ल्यू-1, डब्ल्यू-5 टीआरएस क्षेत्र में सामने खड़ी एक्सप्लोसिव वैन में आग लगा देते है। उक्त उग्र प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने हेतु हथियारबंद दस्ते द्वारा उच्च दर्जे की कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाता है।



मॉकड्रिल करते सीआईएसएफ के जवान।

एक्सप्लोसिव वैन में लगी आग को नियंत्रित करने हेतु अग्निशमन दस्ते द्वारा कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया जाता है। इस दौरान सामने ओबी डंप क्षेत्र में भूस्खलन हो जाता है जिसके कारण वहां कार्य कर रहे कुछ कर्मचारी, मजदूर एवं अन्य लोग भूस्खलन में फंसकर चोटिल हो जाते है, जिन्हें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा उच्च दर्जे की कार्यवाही करते हुए राहत एवं बचाव कार्य किया जाता है। इस प्रकार मेगा मॉक ड्रिल संपन्न होती है। मेगा मॉक ड्रिल में बिलासपुर के वरिष्ठ कमाण्डेंट भास्कर कुमार, उप कमाण्डेंट किरण एम. एवं 79 अन्य सदस्य, एनडीआरएफ से उप कमाण्डेंट पवन जोशी एवं 28 अन्य बल सदस्य, डीडीआरएफ एवं नगर सेना के 32 बल सदस्य, एसईसीएल फायर सर्विस के 6 कर्मचारी, एसईसीएल सेफ्टी विभाग के 3 बचावकर्मी, ⏭ शेष पेज 3 पर

# नीति आयोग दिल्ली की टीम ने आकांक्षी विकासखण्डों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में नीति आयोग दिल्ली से शिवम मिश्रा (यंग प्रोफेशनल) द्वारा आकांक्षी ब्लॉक पोड़ीउपरोड़ा एवं कोरबा जनपद में चल रहे आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य-कुपोषण, कृषि, पशुपालन से संबंधित सूचकों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों से समन्वय कर कमियों को यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अरविंद लकड़ा रूर्बन विशेषज्ञ, ब्लॉक फेलो तथा पिरामल फाउन्डेशन के अधिकारी उपस्थित रहे।



नीति आयोग की टीम के साथ ग्रामीण।

बैठक उपरांत टीम के द्वारा ग्राम पंचायत दोंदरो का दौरा किया गया, जहां महिला स्व-सहायता समूहों, बैंक सखी इत्यादि की उपस्थिति में समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों, बाजार की उपलब्धि, आय-व्यय एवं इससे ⏭ शेष पेज 3 पर

### दोनों परीक्षाओं के लिए 2235 परीक्षार्थी थे पंजीकृत, 1023 रहे उपस्थित

# पीईटी एवं पीपीएचटी की परीक्षा में आधे से अधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यापंम द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाले प्रोफेसनल कोर्स की परीक्षाओं में अनुपस्थित छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को शहर में आयोजित पीईटी और पीपीएचटी परीक्षाओं में शामिल कुल 2235 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था लेकिन 1023 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वहीं 1112 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा से दूरी बनाई रही।

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं का दौर शुरु हो गया है। पीपीटी की परीक्षा से शुरुआत होने के साथ गुरुवार को पीईटी व पीपीएचटी परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए शहर में कुल 3 केंद्र बनाए गए थे। जहां दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई। दोनों ही पालियों में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की संख्या अनुपस्थित परीक्षार्थी की तुलना में कम रही। विभाग के द्वारा जारी आंकड़े यह बताते हैं कि जारी परीक्षाओं में अनुपस्थित परीक्षाओं की संख्या कम हो रही है। आज की परीक्षाओं के लिए शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा, साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीपी नगर एवं मिनीमाता कन्य महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां दो पाली में परीक्षा आयोजित की गई। पीईटी की परीक्षा के लिए 930 परीक्षार्थीयों के लिए पंजीयन के कारण केवल दो परीक्षा केंद्र बनाया गया था। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय टीपी नगर कोरबा वहीं पीपीएचटी परीक्षा हेतु तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### कहां कितने परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**पीईटी परीक्षा**

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत छात्र | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| पीजी कॉलेज | 500 | 206 | 294 |
| साडा कन्या | 430 | 274 | 156 |
| योग | 930 | 480 | 450 |

**पीपीएचटी परीक्षा**

| परीक्षा केंद्र | पंजीकृत छात्र | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| पीजी कॉलेज | 500 | 189 | 311 |
| साडा कन्या | 500 | 275 | 225 |
| मिनी माता कॉलेज | 305 | 179 | 126 |
| योग | 1305 | 843 | 662 |

### सड़क हादसे में दम तोड़ रहे मवेशी


**कोरबा।** बाल्कोनगर में न कोई पशु चिकित्सक है और न ही कोई वेटरनरी डिस्पेन्सरी, सालों से डिस्पेंशरी हेतु बाल्को से जगह की मांग की जा रही पर जिला प्रशासन मौन। आखिर क्यों, जिला प्रशासन की उदासीनता की वजह से इतने बड़े उपनगरीय क्षेत्र में डिस्पेंसरी नहीं खुल रही है जिसका परिणाम मवेशी मालिकों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि उपनगरीय क्षेत्रों में लगातार भारी वाहनों के चपेट में आकर आवारा मवेशी हादसों का शिकार होकर दम तोड़ रहे हैं। गौ रक्षक समिति ने गौवंशों की सुरक्षा के लिए व मवेशी मालिकों की मांग पर जिला प्रशासन से अतिशीघ्र पशु विभाग की खोलने के लिए राज्य शासन को पत्र प्रेषित किया है ताकि घालय मवेशियों को तत्काल उपचार की सुविधा मिल सके।



## सनी देओल ने बदला अपना लुक शर्टलेस होकर शेयर किया वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2' के साथ एक बार फिर से इंडस्ट्री में धमाकेदार वापसी की है। सनी की 'गरद 2' ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। ऐसे सालों बाद सनी को गदर में देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। फिल्म के हिट होते ही सनी एक बार फिर से खबरों में बने हुए हैं। इस वक्त उनकी झोली में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं, सनी का नया लुक चर्चा में बना हुआ है। 66 साल के सनी ने अपने नए लुक से सोशल मीडिया पर गदर मचा दिया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक्टर अपने लुक से 40 साल से भी कम नजर आ रहे हैं। वीडियो में सनी बिना शर्ट के दिख रहे हैं। उन्होंने सिर पर एक ब्लैक कलर की टोपी और काला चश्मा लगाया है।

लाइफ Style



# आलिया
## 'कल्कि 2898 एडी' की तारीफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे।


आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट स्टोरी पर 'कल्कि 2898 एडी ' का ट्रेलर साझा किया। साथ ही उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा और निर्देशक नाग अश्विन सहित फिल्म के सभी कलाकारों को टैग करते हुए लिखा, 'यह अवास्तविक लग रहा है' एक क्लैप इमोजी के साथ। आलिया भट्ट आखिरी बार रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। अब जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तो इसमें दिशा का लुक भी सामने आ गया। जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तभी से प्रशंसकों और सितारों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई थीं, अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभास ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि निर्देशक नाग अश्विन ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखते हुए बनाई है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए बनाई गई है, जिस वजह से इसका बजट काफी तगड़ा है।

हॉलीवुड मसाला



## कानूनी फीस भरते-भरते कर्ज में डूबे

**लॉस एंजिलिस।** दो बार के ऑस्कर विजेता मशहूर हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी पर कुछ वर्ष पहले यौन उत्पीड़न कई आरोप लगे थे। हालांकि, बीते वर्ष वे सभी आरोपों से बरी हो गए। यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के किसी मामले में वे दोषी नहीं पाए गए। लेकिन, खुद पर लगे आरोपों के बाद उनके कई वर्ष कोर्ट के चक्कर काटते हुए बीते और कानूनी फीस का खर्चा भी बेहिसाब आया। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अभिनेता कर्ज के बोझ तले दबे हैं।



## ड्वेन जॉनसन को 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर लगी चोट

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता ड्वेन जॉनसन को फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर दाहिनी कोहनी में काफी गंभीर चोट लगी है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि जॉनसन की चोट से प्रोजेक्ट पर असर पड़ेगा या नहीं, क्योंकि चोट पर किसी भी टिप्पणी के लिए ए24 से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।ड्वेन जॉनसन ने हाल ही में, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को इसकी जानकारी दी है। ड्वेन ने कहा, 'जैसा कि आप लोग जानते हैं, मैं 'द स्मैशिंग मशी'न नामक एक फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं , और जब भी आपकी फिल्म का नाम 'द स्मैशिंग मशीन' होता है , तो आप चकनाचूर हो जाते हैं।' अपनी कोहनी में सूजन की ओर इशारा करते हुए अभिनेता ने आगे कहा, 'ऐसा लगता है कि मेरी कोहनी के निचले हिस्से में खरबूजा जैसा कुछ है।



## पर्दे पर देख पाएंगे किरण की कहानी

**नई दिल्ली।** बायोपिक किसी प्रेरणादायी शख्सियत की जिंदगी से लोगों को रूबरू कराने और उन्हें प्रेरित करने का एक बेहतरीन तरीका है। बीते कुछ समय में कई बेहतरीन बायोपिक फिल्में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा भी है। जल्द ही फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक 'चंदू चैंपियन' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। इस बीच अब भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी पर भी बायोपिक बनने जा रही है। दर्शक जल्द ही किरण बेदी की जिंदगी को पर्दे पर देख पाएंगे। 11 जून को फिल्म के निर्माताओं ने एक वीडियो जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।



## ललित ने कुमार सानू से जताई नाराजगी

**मुंबई।** शाहरुख खानी की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से है। इस फिल्म को देश-विदेश दोनों से बहुत प्यार मिला। वहीं, इस फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबान पर चढ़े रहते हैं। हालांकि, अब इस फिल्म के लिए गाना कंपोज करने वाली जोड़ी जतिन-ललित के ललित पंडित ने कुमार सानू संग नाराजगी व्यक्त की है। ललित पंडित ने कहा कि ये थोड़ा परेशान करने वाला है कि तुझे देखा तो ये जाना सनम गाने वाले कुमार सानू ने गाने के बोल लिखने वाले आनंद बक्शी और गाने के लिए संगीत तैयार करने के लिए हमें (जतिन-ललित) कभी क्रेडिट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनका (कुमार सानू) लगातार ये कहना कि ये'मेरा गाना है, मेरा गाना है', ये बात अच्छी नहीं है। कंपोजर ललित पंडित ने कहा कि एक गाना कभी भी पूरी तरह के किसी गायक का नहीं होता है।

टीवी मसाला



## ऐश्वर्या सखुजा बनीं सर्टिफाइड थेरेपिस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या सखुजा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक खुशखबरी को अपने फैंस के संग साझा किया है। वे अब सर्टिफाइड थेरेपिस्ट बन गई हैं। ऐश्वर्या सखुजा 'सास बिना ससुराल' जैसे हिट शो में काम कर चुकी हैं। इस शो के अलावा भी वे कई और शो का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन पिछले काफी समय से वे किसी सीरियल में नजर नहीं आई हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं। उन्होंने कहा, 'देखिए एक्टिंग फ्री-लांसिंग जैसा काम है। अगर काम मिला तो ठीक नहीं तो इतंजार करते रहिए। बीच में पता नहीं क्यों मुझे काम मिलना एकदम बंद हो गया और इसके लिए मैं किसी को ब्लेम नहीं करना चाहती हूं। जब मुझे काम मिल रहा था तब मैंने किसी को इसके लिए धन्यवाद नहीं कहा तो अब क्यों किसी को दोष दूं'। 'जब मैं अपने जिंदगी के लो फेज से गुजर रही थी तब मेरे पति ने मुझे काफी सपोर्ट किया। उन्होंने ही मुझे एक थेरेपिस्ट के पास भेजा था। वहां जाकर मैं काफी ठीक हो गई। फिर मेरी थेरेपिस्ट ने ही मुझे सलाह दी कि मैं थेरेपिस्ट बन सकती हूं।

## स्टंट के दौरान शालीन भनोट को 200 बिच्छुओं ने काटा, बिगड़ गया चेहरा


**नई दिल्ली।** शालीन भनोट वर्तमान में टीवी के स्टंट आधारित रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। उन्होंने अपने



इंस्टाग्राम हैंडल पर शो के सेट से अपना एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। हालांकि, शालीन द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों को उनके लिए चिंतित कर दिया है। इस वीडियो शालीन काफी घायल नजर आ रहे हैं। शालीन ने इसे अपने प्रशंसकों का श्रेय देते हुए लिखा, 'आप सभी के लिए कुछ भी।' एक रिपोर्ट में बताया गया है कि शो में स्टंट के दौरान शालिन को 200 बिच्छुओं ने काट लिया। इसकी वजह से अभिनेता का चेहरा सूज गया है। कुछ दिनों पहले शालीन को बिना हार्नेस के स्टंट करने की कोशिश करने के बाद स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। हालांकि, शो में अभिनेता के कार्यकाल ने एक और विवाद को भी जन्म दिया है।

## 'पहला नशा' गाना में उड़ गई थी पूजा की स्कर्ट...

**मुंबई।** फराह खान ने अपनी फिल्म जो जीता वही सिकंदर के गाने की कोरियोग्राफी का मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि 'पहला नशा' गाना उनको किस्मत से मिला ब्रेक था। इस गाने को रोमांटिक दिखाने के चक्कर में फराह ने कुछ इंट्रेस्टिंग आइडियाज डाले थे।





जैसे पूजा बेदी को मर्लिन मुनरो वाला पोज करना था। इस शूट के दौरान पूजा ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई थीं। पूजा को कार के ऊपर खड़े होना था और पंखे से उनकी स्कर्ट उड़नी थी। फराह बोलीं, मैंने पूजा को बताया कि जब पंखा चले तो अपनी स्कर्ट पकड़ लेना। पहले शॉट में स्पॉट बॉय पंखा पकड़े था। जैसे ही पंखा चला पूजा ने स्कर्ट नहीं पकड़ी और स्पॉटबॉय बेहोश हो गया और मैंने पहली बार देखा था कि थॉन्ग (बहुत कम कपड़े वाला अंडरवेअर) कैसे दिखते हैं। पूजा बिंदास थीं, उन्हें फर्क नहीं पड़ा।

## 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस कर रहे विशेष शो की मांग...



**मुंबई।** नाग अश्विन निर्देशित 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बड़े-बड़े सितारों से सजी इस फिल्म का देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट 27 जून निर्धारित की गई है। बीते सोमवार की शाम ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ट्रेलर के बाद फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैंस आंध्र प्रदेश के शहरों में बड़े पैमाने पर विशेष शो की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा हैदराबाद में भी सुबह 3 बजे से विशेष शो की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में सरकार बदली है।

### फिर भी इन सितारों ने ठुकराया शो का ऑफर

## बिग बॉस की बदौलत मिलता है दौलत, शोहरत और करियर के मौके

*नई दिल्ली। बिग बॉस भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय टीवी शो में से एक है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान होस्ट करते रहे हैं। अब की बार अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। यह शो बिग ब्रदर पर आधारित है, जिसमें एक-दूसरे को न जानने वाले सेलिब्रिटी एक साथ रहते हैं। कई सेलिब्रिटी को बिग बॉस में भाग लेना बेहद मुश्किल लगता है और कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद उन्होंने घर में प्रवेश करने के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने कई बार ऑफर मिलने के बावजूद लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है।*



**अनुषा दांडेकर :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अनुषा दांडेकर का। अभिनेत्री अनुष्का दांडेकर को लेकर खबर आ रही थी कि वे इस बार बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा बनने वाली हैं, जिसे अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। हालांकि, इस अफवाहों का खंडन करते हुए अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की थी और उन्होंने बताया था कि वे बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में शामिल नहीं हो रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उन्हें कई बार बिग बॉस का ऑफर मिला है और वे इसे पहले ही ठुकरा चुकी हैं।



**फैजल खान :** इस लिस्ट में अगला नाम अभिनेता फैजल खान है, जो बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भाई हैं। फैजल को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने बिग बॉस 16 के लिए संपर्क किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो में इसके बारे में खुलासा किया था, 'हाय दोस्तों, सब कैसे हैं? मुझे थोड़ा वायरल फीवर हो गया था, पिछले कुछ दिनों से ... पर अब मैं काफी बेहतर हूं, दवा खाई मैंने। मैंने अपने कई दोस्तों से बात की और जाना कि उन्हें भी यह हवा में है, इसलिए कृपया ध्यान रखें। खुशी का दिन है मेरे लिए, क्योंकि मुझे आज दो ऑफर मिले हैं।' उन्होंने आगे बताया 'एक बिग बॉस के लिए था, लेकिन मैंने इसे अस्वीकार कर दिया। एक टीवी सीरियल के लिए एक और प्रस्ताव था। मैं काफी उत्साहित हूं कि लोग मेरे बारे में सोच रहे हैं और मुझ पर विचार कर रहे हैं। मैं खुश हूं। कृपया मेरे लिए प्रार्थना करें कि मुझे कुछ अच्छा काम मिले, ताकि मैं आप सभी का मनोरंजन कर सकूं चाहे वह वेब सीरीज हो या फिल्म।'



**दिव्यांका त्रिपाठी :** अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी से कई साल से इस शो के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने कभी हां नहीं कहा। दिव्यांका से एक अन्य लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में आने के बारे में पूछा गया था। दिव्यांका ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं कभी बिग बॉस करूंगी या नहीं। शो मुझे थोड़ा डराता है, जैसा कि मैंने आपको पहले बताया, मैं अपनों के बीच रहने वाली हूं, इसलिए इसके ऊपर से घर से दूर रहना और मेरे पति विवेक, ये सभी विचार मुझे डराते हैं और मुझे यह मुश्किल लगता है तो यह मेरा फोबिया है। मैं अपने परिवार से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकती। यह एक मुश्किल काम है।'



**नेहा धूपिया :** अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा है कि उन्हें 'बिग बॉस' के घर में जाने की कोई इच्छा नहीं है। नेहा ने कहा, 'मैं 'बिग बॉस' बहुत देखती हूं। मैं सलमान खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। शो देखने की वजह वे ही हैं, लेकिन मैं कभी भी घर में नहीं जाऊंगी। लोगों को लगता है कि हम हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं, इसलिए हमारे लिए कैमरा लेकर घूमना आसान है, लेकिन हर समय कैमरा मेरे ऊपर होने से मैं बहुत असहज महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि होस्ट के तौर पर सलमान बिल्कुल शानदार हैं। जिस तरह से वे प्रतिभागियों से बात करते हैं, वह परिस्थितियों को पूरी तरह से सही ठहराते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने शो को देखने लायक बना दिया है।



**अर्जुन बिजलानी :** टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने ऑफर दिया था। एक साक्षात्कार में अर्जुन ने बिग बॉस में हिस्सा न लेने की वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, 'नहीं, मैं बिग बॉस 15 का हिस्सा नहीं हूं, क्योंकि मैं दूसरे शो के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं अक्टूबर के अंत में शूटिंग खत्म कर लूंगा, इसलिए मेरे लिए बिग बॉस के घर में प्रवेश करना संभव नहीं है। मूल रूप से शूटिंग सितंबर में खत्म होने वाली थी और मुझे लगा था कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले पाऊंगा। हालांकि, इसमें देरी हो गई और चीजें ठीक नहीं हुईं।'

## खबर संक्षेप

### बकाया कर राशि जमा करने पर सम्पत्तिकर में मिलेगा 6.25 प्रतिशत छूट

**कोरबा।** नगर पालिक निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 5 प्रतिशत जलकर, यूजर चार्जेज, जलकर एवं दुकान किराया आदि की वसूली हेतु निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथियों व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 18 जून से क्रमशः वार्डो में शिविर आयोजित होंगे, करदाता इन शिविरों में पहुंचकर करों की बकाया राशि जमा करा सकते हैं। साथ ही वे स्वविवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में 31 जुलाई तक राशि जमा करते हुए सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। निगम द्वारा करदाताओं से कहा गया है कि निगम के देय करों के भुगतान का दायित्व करदाता के स्वयं का है, अतएव करदाताओं से आग्रह है कि वे अपना कर स्व-विवरणी भरकर आवश्यक रूप से बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराएं। विशेषकर नये भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियाँ, जिनमें सम्पत्तिकर, स्वनिर्धारण अभी तक नया किया गया है, वे अनिवार्य रूप से स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में जमा कराएं। निगम के संपदा अधिकारी एवं कर वसूली प्रभारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि 18 जून से निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथि व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि करदाता निगम को देय बकाया करों व दुकान किराए आदि की राशि सुगमता के साथ जमा कर सकें।

### बरगीडीह में पलटा बारातियों से भरा ट्रैक्टर, एक दर्जन लोग घायल

**अम्बिकापुर।** लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी लोग मालवाहक वाहनों से आवागमन करने से बाज नहीं आ रहे है। बीती रात भी लुंड्रा के बरगीडीह में बारातियों से भरा एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों को चोट आई है। हैरानी की बात तो यह है कि दुर्घटना की जानकारी अगले दिन तक पुलिस को नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड एक ग्राम कुदर के ग्रामीण शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम बरगीडीह आए हुए थे। ट्रैक्टर में 24 से 25 लोग सवार थे। रात को वापस लौटते समय लगभग 10.30 बजे गाजरमुड़ा के समीप चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे दो दर्जन लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस घटना में महिलाओं, युवाओं व बच्चों समेत एक दर्ज लोग घायल हुए। गनीमत रही कि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी और पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि शादी से लौटने के दौरान चालक शराब के नशे में धुत्त था और तेज गति से वाहन चला रहा था। वहीं देर रात हुई इस घटना की जानकारी किसी ने भी लुंड्रा पुलिस को नहीं थी। थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर दुर्घटना की जानकारी थाने में नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। बीती रात ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद एक बार फिर से बरगीडीह पीएचसी की अव्यवस्था सामने आई। बरगीडीह पीएचसी में घटना के बाद एक दर्ज से अधिक लोग घायल अवस्था में पहुंचे थे और इस दौरान अस्पताल में सिर्फ एक स्टाफ नर्स मौजूद थी जो लोगों का उपचार कर रही थी लेकिन ज्यादातर लोगों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा था जिससे उनमें रोष भी देखने को मिला।

### चोरी की नियत से एटीएम में तोड़फोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लुंड्रा पीएचसी के सामने मौजूद एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोड़फोड़ की लेकिन वे अपने मंसूबों में कामियाब नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि लुंड्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सेंट्रल बैंक का एटीएम मशीन लगा हुआ है। उक्त एटीएम मशीन में 12 जून को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की नियत से तोड़फोड़ की गई थी जिसके शिकायत राकेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा एटीएम मशीन कक्ष में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम ससौली निवासी 19 वर्षीय महेश्वर उर्फ लकड़ू व एक अन्य नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने चोरी की नियत से गईता से तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार की जिसपर पुलिस आरोपी युवक व नाबालिग को धारा 457, 380, 511, 427, 34 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एआरओपी को जेल भेजने के साथ ही नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

## फाटक जाम होने की समस्या से शहरवासियों को मिलेगी निजात

# दो सौ मीटर लंबा होगा संजय नगर में बनने वाला अंडरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगर कोरबा में बनने जा रहे पहले रेल अंडरब्रिज को लेकर अब कदम बढ़ाए जा रहे हैं। कुछ महीने पहले ही इसके लिए योजना को फाइनल किया गया। संजय नगर रेलवे क्रासिंग क्षेत्र में 2 सौ मीटर की लंबाई में बनने वाले अंडरब्रिज को लेकर तैयारियों को बढ़ाया जा रहा है। मौके पर सिंचाई विभाग की जमीन से सभी तरह के अवैध कब्जों को हटाने की तैयारी है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने संबंधितों को नोटिस जारी कर दिया है। सात दिन में इस काम को करने के निर्देश हैं।

रेलवे और राज्य सरकार ने 50-50 प्रतिशत की लागत वहन करने के सिद्धांत पर संजय नगर रेलवे क्राङ्कषसग में रेल अंडरब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूर किया है। इस क्रासिंग को प्रतिदिन 20 से अधिक बार बंद करने की नौबत आती है। यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के चलते हर 15 से 20 मिनट में रेलवे क्रासिंग बंद होती है। इस चक्कर में ट्रांसपोर्टनगर, स्टेशन रोड और कोरबा शहर के दो क्षेत्र की तरफ जाने वाले लोगों को जमकर परेशान होना पड़ता है। लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है। इसके समाधान के लिए लगातार हुई पहल के बाद अब इसका समाधान का रास्ता खोजा गया है। रेल अंडरब्रिज का निर्माण इसी की एक प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम को इस काम के लिए एजेंसी बनाया गया है जो मौके पर रेल अंडरब्रिज तैयार करेगा। खबर के मुताबिक अंडरब्रिज की संपूर्ण लंबाई लगभग 2 सौ मीटर है। इसका एक सिरा नहर पुल पीएच रोड की तरफ होगा तो दूसरा सिरा स्टेशन रोड की ओर। खबर के अनुसार दोनों तरफ दायीं दिशा में अवैध कब्जों की संख्या ज्यादा है। इनमें अहाता, गुमटी, मकान और दुकान आदि शामिल हैं। हसदेव बरॉज जल प्रबंध उपसंभाग दर्री, कोरबा ने संबंधित क्षेत्र का सर्वे कराने और भौगोलिक स्थिति के आधार पर इस मामले में आसपास के उन सभी लोगों को नोटिस थमा दिया है जो उसकी जमीन पर अवैध रूप से काबिज हैं। 5 जून को यह आदेश सर्कुलेट किया गया है और सभी कब्जाधारियों को व्यक्तिगत पहुंचाया गया है। इसके विषय में कहा गया हैं कि हसदेव बांयी तट से अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाया जाना है। संबंधित क्षेत्र की जमीन सिंचाई विभाग की है। हसदेव बांयी तट नहर आरडी-9526 से 1 हजार मीटर के मध्य नहर के किनारे, शेष बची जमीन पर उनके द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है जो अवैधानिक है। इस पत्र के मिलने के साथ वे विभागीय भूमि को खाली कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग जहां बनेगा अंडरब्रिज।

**जमीन सिंचाई विभाग की**

सुनालिया नहर पुल के आगे से संजय नगर तक का क्षेत्र रेल अंडरब्रिज के दायरे में आ रहा है। यहां की जमीन सिंचाई विभाग की है। इसके बड़े हिस्से में लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। रेल अंडरब्रिज के निर्माण के लिए जमीन खाली कराने नोटिस दिया गया है।

**-एसएन साय,** एसडीओ हसदेव जल प्रबंध संभाग

## विधायक पटेल ने खनिज न्यास से स्वीकृत कार्यों का किया भूमिपूजन


निर्माण कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कसीयाडीह में मंच निर्माण, ग्राम पंचायत बोइदा के डिपरापारा में मंच निर्माण, रामपुर के ओझीयाइन में मंच निर्माण, मुरली में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर दुष्यंत शर्मा, रघुराज सिंह, दिलीप पटेल, सरपंच चंद्रिका प्रसाद सहित ग्रामवासी के उपस्थिति में विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन के साथ किया गया और अपने शब्दों में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई जाएगी। किसी भी गली मोहल्ला अब कीचड़युक्त नहीं रहेगा। सभी जगह सीसी रोड बनाया जाएगा साथ ही सामुदायिक कार्यक्रम के लिए मंच निर्माण सामुदायिक भवन भी बनाई जाएगी एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के उपलब्धियां के बारे में लोगों को जानकारी दिया गया।

### शराब के नशे में बड़े भाई ने मंझले को पीटा

**कोरबा।** शराब के नशे में बड़े भाई ने मंझले भाई की पिटाई कर दी। छोटे भाई ने भी मारपीट में बड़े भाई का साथ दिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामला लेमरू थाना क्षेत्र के ग्राम बगबुड़ा का है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बगबुड़ा (धनवार पारा ) निवासी बंधु राम धनुहार रोजी मजदूरी का काम करता है जो रविवार 9 जून को 6 बजे कुंआ से पानी लाने गया था और वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसका बड़ा भाई झूलसाय धनुहार शराब के नशे में वहां आया और गाली-गलौज करते हुए डंडा से मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने की धमकी की। वहीं छोटा भाई सुद्धु राम धनुहार बंधुराम को पीछे से पकड़ कर रखा था। मार पीट से बंधुराम को काफी चोट आई है।

## प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का चुनाव राजेन्द्र अध्यक्ष, नागेन्द्र बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारी।

प्रेस क्लब कोरबा के द्विवर्षीय कार्यकाल2024-26 के लिए गुरुवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में चुनाव संपन्न कराया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव व कोषाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के 3 सदस्यों के लिए 168 सदस्यों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान किया।

चुनाव अधिकारी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने अपने सहयोगियों के साथ मतदान की प्रक्रिया को संपन्न कराया। सुबह 10 बजे से मतदान शुरु होने के साथ दोपहर 3 बजे तक 168 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि कुल सदस्यों की संख्या 172 थी। शाम 6.30 बजे के बाद सबसे पहले कार्यकारिणी के 3 सदस्यों के लिए मतों की गिनती की गई। कुल 9 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें राजकुमार शाह, शेख असलम व नीलम पोडवार विजयी घोषित किए गए। इसी तरह उप सचिव के लिए 3 प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में रघुनंदन सोनी, कोषाध्यक्ष के दो प्रत्याशियों के बीच हुए चुनाव में ई जयंत, उपाध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में रामेश्वर ठाकुर, सचिव पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में नागेन्द्र श्रीवास तो अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में राजेन्द्र जायसवाल एवं संरक्षक पद के लिए दो प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में मनोज शर्मा विजयी हुए।

## जर्जर भवनों में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बारिश में बढ़ेगी परेशानी, अभिभावक चिंतित



फाइल फोटो

जिले में नौनिहालों की शिक्षा, बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 297 भवनों की हालत ऐसी है कि कभी भी दीवार या छत गिर सकती है। जबकि 574 भवन किराए के मकान या फिर सामुदायिक भवन में संचालित हो रहे हैं। अब मानसून ने भी दस्तक दे दी है। बारिश में इन जर्जर भवनों में शिक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं।

जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के साथ बेहतर पोषण आहार और खेल-खेल में शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी संचालित किए जा रहे हैं। जिले में 2583 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, लेकिन इसमें से ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। कई आंगनबाड़ी केंद्रों के छत का प्लास्टर गिरने का भय बना हुआ रहता है।बावजूद इसके जर्जर भवनों में ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। कई केंद्रों के भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। इस कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने से बच रहे हैं, तो कई अभिभावक साथ में केंद्र जाकर कुछ समय के बाद वापस लौट जाते हैं। लेकिन आंगनबाड़ी के निर्धारित समय तक बच्चों को नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि अभिभावक व जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर विभागीय अफसरों ने कुछ स्थानों के जर्जर भवन के स्थान पर किराए पर एक कमरे के भवन को लिया गया है, तो कई स्थानों पर अभिभावक व ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर आपसी सहमति से सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी केंद्र लगाए जा रहे हैं। लेकिन इन भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र की तरह बच्चों को बेहतर सुविधाएं व खेल-कूद के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल रही है। इसी कमरे में बच्चों के लिए गर्म भोजन बनाए जा रहे हैं। बावजूद इसके विभागीय अफसर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इसे लेकर अभिभावकों में नाराजगी बढ़ रही है।

## कामबंद-कलमबंद हड़ताल की राह पर पंचायत सचिव


ज्ञापन सौंपते पंचायत सचिव।

**ग्रामीणों को हो सकती है परेशानी**

आवास निर्माण में मंशा अनुरूप प्रगति नहीं आने पर पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया गया है। इसी तरह सचिव वेतन से संबंधित कई विषंगतियों से जूझ रहे हैं। यदि उनकी समस्या का निराकरण नहीं होता है तो हड़ताल पर जा सकते हैं। चुनावी वर्ष होने के कारण पहले से ही विकास कार्य सहित अन्य काम की गति धीमी है। उस पर सचिवों के हड़ताल का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- पीएम आवास निर्माण की गति धीमी होने पर रुका है वेतन

प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मंशा अनुरूप प्रगति नहीं आने पर पंचायत सचिवों के सिर ठिकरा फोड़ दिया गया। 66 पंचायत सचिव ऐसे हैं जिनके वेतन पर रोक लगा दी गई। पहले से ही वेतन विसंगति के कारण परेशान सचिवों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। उन्होंने सप्ताह भर के भीतर वेतन भुगतान सहित अन्य विषंगतियों में सुधार नहीं किए जाने पर कामबंद, कलमबद्ध हड़ताल का ऐलान कर दिया है।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्वीकृति मिलनी शुरू हो गई है। शासन की ओर से जिले के पांचों जनपद पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए भारी संख्या में आवासों को मंजूरी दी गई है। पहले से ही स्वीकृत आवासों के निर्माण में प्रगति नहीं आने के कारण नए आबंटन की रफ्तार भी धीमी है। इसके लिए पंचायत सचिवों को जवाबदार ठहराया जा रहा है। चुनावी सीजन में भी लगातार पंचायत सचिवों को काम में तेजी लाने के निर्देश जारी किए गए थे। जिला पंचायत की ओर से 124 पंचायत सचिवों के वेतन पर रोक लगाई गई थी, हालांकि दूसरे ही माह वेतन का भुगतान कर दिया गया। लोकसभा चुनाव के संपन्न होते ही एक बार फिर 66 पंचायत सचिवों का वेतन रोक दिया गया है। इसके पीछे प्रधानमंत्री आवास में मंशा अनुरूप प्रगति नहीं आने को कारण माना गया है। वहीं पंचायत सचिवों के वेतन भुगतान के लिए तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उन्हें अपने ही वेतन के लिए दफ्तरों का चक्कर काटना पड़ता है। यदि एरियर्स की बात करें तो राशि तो आबंटित हो गई है, लेकिन तीन माह बाद भी भुगतान नहीं किया जा सका है। इसी तरह लंबित वेतन का प्रकरण भी अधर में लटका है। इन तमाम समस्याओं से जूझ रहे पंचायत सचिवों में अब हक की लड़ाई लडऩे की मंशा बना ली है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ जिला कोरबा के जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर के नेतृत्व में सचिवों ने ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर समस्याओं के निराकरण करने की मांग की है। यदि निर्धारित अवधि में पहल नहीं की जाती है तो पंचायत सचिवों ने काम बंद, कलम बंद हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। शासन ने प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वीकृत राशि को सीधे हितग्राहियों के खाते में डालने की नीति तैयार की है। इसी नीति के तहत निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर चार किस्तों में राशि का भुगतान किया जाता है।

## अमेरा खदान से चोरी का कोयला लोड कर भाग रहे वाहन चालक को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खदान से बीती रात चोरी का कोयला पिकअप वाहन में लोडकर भाग रहे चालक को सुरक्षा कर्मियों द्वारा पीछा करते हुए बिश्रामपुर बस स्टैंड के समीप पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि बीती रात बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासपुर निवासी 32 वर्षीय चालक प्रदीप विश्वकर्मा पिता लक्ष्मण विश्वकर्मा एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत अमेरा खदान से चोरी के संग्रहित कोयला को पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एके 0803 में लोड कर भाग रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण द्वारा गश्त के दौरान दलबल के साथ पीछा करते हुए करते हुए घेराबंदी करके बस स्टैंड बिश्रामपुर के पास वाहन को रुकवाकर पकड़ा। वाहन चालक से पूछताछ के दौरान उक्त वाहन के स्वामी की जानकारी नहीं दी गई।चालक द्वारा बताया गया कि अंबिकापुर निवासी मोहन जायसवाल द्वारा चालक को वाहन उपलब्ध कराकर अमेरा में संग्रहित चोरी के कोयला को भोले नामक व्यक्ति के माध्यम से वाहन में लोड कराया गया था। एसईसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त चोरी के कोयला लोड वाहन समेत चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वाहन में तीन टन वज़नी कोयला लोड होना पाया गया जिसकी क़ीमत बीस हजार रुपए बताई गई है,मामले में पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई करते हुए विवेचना शुरू की है। बताया गया कि आरोपी वाहन चालक ने अमेरा खदान से पीछा करने के दौरान सांड्बॉर बैरीयर से कालीघाट होते हुए बिश्रामपुर पहुँचा था,ज्ञात हो कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न कोयला खदानों में इन दिनों कोयला व कबाड़ का अवैध कारोबार धडल्ले के साथ किया जा रहा है। अवैध कोयला व कबाड़ चोरी की घटनाओं के साथ ही चोरों द्वारा सुने मकानों को भी अपना निशाना बनाकर भीतर रखे सामान ग़ायब किए जा रहे हैं जिससे आमजनों में भय का माहौल बना हुआ है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. Q/ब-121/2023-24
ग्राम दादरखुर्द, प.ह.नं. 21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंगला पति अशोक कुमार जाति केंवट, निवासी मानिकपुर कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा द्वारा अपने चाचा ससुर पसिधिया का दिनांक 20/9/2009 को मृत्यु होने का उल्लेख करते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 28/6/24 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला कोरबा (छ.ग.)**

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**कोरबा।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। यह लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। चोर गिरोह की नजर सबसे अधिक सूने मकानों पर है। घटना पाली थाना क्षेत्र की है। ग्राम निरधी बरपारा निवासी प्रमोद डिक्सेना उम्र 40 वर्ष का मकान है। प्रमोद और उसकी पत्नी सीता डिक्सेना दुकान में थे। प्रमोद सुबह सात बजे दुकान से सामान छोडऩे दर्रापारा पोलमी गया था। सीता दुकान में थी। इस बीच चोरों ने मकान में घुस गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने अलमारी में रखे चांदी की पायल, करधन, सोने सोने का माला, झुमका व पांच हजार रुपए नकदी नहीं थे। बताया जा रहा है कि चोरी कर घर से बाहर निकलते हुए डिक्सेना के परिवार के अन्य सदस्यों ने देखा है। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज की है। संदेही के आधार पर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है। चोरी हुए सामानों की कीमत लगभग 65 हजार रुपए बताई जा रही है। इसी तरह सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी के एक मकान के सामने से बाइक की चोरी हो गई। बाइक कटर नं. एनडी-33 सीएसईबी कालोनी कोरबा पूर्व निवासी कार्यपालन अभियंता मनीष सिंह की है। वह रविवार की रात लगभग साढ़े 11 बजे घर के सामने बुलेट क्रमांक सीजी 21 बीएच 5018 को रखा था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बारिश के पानी...

हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण किया जाएगा। बड़े सरकारी दफ्तरों में वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण पूर्व में किया जा चुका है उसके बावजूद जिला मुख्यालय के नए भवन में पिट का आभाव देखा गया है। इनमें कुछ शासकीय भवन ऐसे हैं जो कलेक्ट्रेट के परिसर में ही संचालित है। वाटर हार्वेस्टिंग पिट के लिए सघन अभियान चलाया जाने के बावजूद कलेक्ट्रेट कैंपस के कुछ दफ्तरों में वाटर हार्वेस्टिंग पिट का न होना अभियान पर ही सवाल खड़ा करता है। जबकि कलेक्ट्रेट कैंपस में कलेक्ट्रेट कार्यालय के अलावा जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नाप तौल विभाग, उद्योग विभाग जैसे अन्य विभाग संचालित है। इनमें कुछ दफ्तरों में ही वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण हो सका है।

### नीति आयोग...

संबंधित चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा की गई तथा समस्याओं के निराकरण के सुझाव दिए गए। इसके पश्चात विकासखण्ड कोरबा के गढ़उपरोड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां उपस्थित सी.एच.ओ. एवं आर.एच.ओ. के साथ संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं के नियमित जांच एवं टी.बी. इत्यादि की अद्यतन जानकारी से टीम को अवगत कराया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिला के घर जाकर उचित पोषण-बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

### एसईसीएल गेवरा...

एसईसीएल सुरक्षा विभाग के 3 सुरक्षाकर्मी, स्थानीय पुलिस के 5 बल सदस्य, एसईसीएल अस्पताल के 2 कर्मचारी, स्काउट एवं गाइड के 41 सदस्य, आपदा मित्र संगठन के 9 सदस्य तथा इकाई, एनटीपीसी कोरबा फायर सर्विस के 6 बल सदस्यों ने इस मेगा मॉक ड्रिल में भाग लिया।

## कोरबा मार्केट




**विद्यार्थी बचत योजना**

कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये

**विद्यार्थी बुक डिपो**

रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### बरसात के पहले दीपका के सभी वार्डों के नालियों की हो सफाई : जायसवाल

**दीपका।** भाजपा नेता जिला महामंत्री दीपक जायसवाल ने जनहित के मुद्दे को लेकर दीपका



नगर पालिका के मुख्य अधिकारी को लिखित रूप में अवगत कराया है। उन्होंने दीपका नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा किया। बरसात के आगमन होते ही साफ सफाई की समस्या बनी रहती है नाली जाम से नाली का पानी सड़कों पर आने की स्थित बन जाती है। लोगों को कठिन समस्याओं से जूझना पड़ता है। साथ ही महामारी फैलने का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बीजेपी नेता दीपक जायसवाल ने पहले ही निवेदन किया है कि नालीयों की तत्काल साफ सफाई हो इसके साथ ही पानी निकासी की सुगम व्यवस्था हो। सभी वार्डों की निरंतर साफ सफाई हो। किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा दीपका नगरवासियों व सभी लोगों को साफ सफाई की समस्या से निजात मिल सके।

### जल जीवन मिशन पर सवाल उठाए विधायक ने

**कोरबा।** पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत किए कार्यों पर सवाल उठाते हुए पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने कहा कि केंद्र की योजना लागू होने के बावजूद क्षेत्रवासी पेयजल के लिए तरस रहे हैं। श्री मरकाम ने साय सरकार पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के बाद भी साफ पेयजल के लिए लोग तरस रहे हैं। आदिवासी आज भी ढोढ़ी और नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों के उत्थान को लेकर सरकार की नीति भी नाकाम है। कोयला खदानों के कारण लगातार क्षेत्र में जलस्तर गिर रहा। सूखे के हालात पर विधायक ने चिंता जताई है। सूबे की विष्णुदेव सरकार की नीति और नीयत पर गंभीर सवाल उठाए हैं।


### धूल के बाद अब जाम लगने से लोग हो रहे परेशान



**बरपाली।** पहले लोग राखड़ और धूल गुबार से परेशान थे और अब बरसात होने के कारण सड़क निर्माण के अधूरे छूटे हुए भाग में कीचड़ और बड़ी बड़ी गाड़ियों के घंटों जाम लगने से आम लोग काफी परेशान हो रहे हैं। बारिश के मौसम से पहले यदि ध्यान दिया जाता तो शायद इस तरह की समस्याएं काम होती। नेशनल हाईवे 149 बी में बरपाली, पटाढ़ी, मड़वारानी के पास रोज गाड़ियों का जाम लग जाता है और अब बरसात होने से स्थिति और भी बदतर हो गयी है। प्रशासन और एनएचएआई द्वारा किया गया अनियमितता को जनता भुगतने को मजबूर है।

## निधन

### शिवचरण यादव



**कोरबा।** एसईसीएल 15 ब्लॉक कॉलोनी निवासी शिवचरण यादव का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मध्यप्रदेश के उमरिया जिले अंतर्गत बिरसिंहपुर करकेली में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आदिमजाति कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर नहीं हुआ निर्णय

# जिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों को आश्रम छात्रावास की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित 183 आश्रम छात्रावासों में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए प्रवेश की सुविधा न मिलने पर विभाग के द्वारा शासन को पिछड़ा वर्ग के शासन के लिए

**खास बात**

- अंचल में संचालित है 183 आश्रम छात्रावास

भेजे गए प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होने से इस वर्ग के छात्रों को आश्रम छात्रावास की दरकार बनी हुई है। स्कूल स्तर से लेकर महाविद्यालय स्तर तक आश्रम छात्रावास उपलब्ध नहीं है।

अनुसूचित जिले में शामिल कोरबा में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए आश्रम छात्रावासों की सुविधा सभी विकासखंड में संचालित है। 50 सीटर से लेकर सौ सीटर तक के छात्रावासों में बालिकाओं और बालकों को प्रवेश दिया जाता है। ग्रामीण अंचलों के साथ साथ नगर निगम सीमा अंतर्गत जिला मुख्यालय में भी अजजा वर्ग के छात्रों के लिए प्रीमैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास संचालित हैं। जहां सैंकड़ों की संख्या में छात्र निवासरत हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए ब्लॉक और जिला मुख्यालय में आश्रम और छात्रावास की सुविधा की दरकार बनी है। जिले में कहीं भी ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं होने से उन्हें दिक्कते उठानी पड़ रही है। यह स्थिति कटघोरा और पाली विकासखंड के साथ करतला विकासखंड में नजर आती है। इन तीनों विकासखंड में ओबीसी वर्ग एक बड़ी आबादी निवास करने लगी है जिनके छात्रों के लिए ब्लॉक मुख्यालय में ही छात्रावासों की सुविधा नहीं मिल सकी है। आदिमजाति कल्याण विभाग के द्वारा इसके संबंध में राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था किंतु प्रस्ताव पर निर्णय नहीं होने से स्थिति ज्यों का त्यों बनी हुई है। इस वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा हेतु जिला प्रशासन को पत्र भी प्रेषित किया था। उनकी मांग पर जिला प्रशासन ने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा है। 16 जून से शुरु होने वाले शिक्षण सत्र के पूर्व ओबीसी वर्ग के छात्रों को इस सुविधा के मिलने की उम्मीद थी किंतु अब तक विभाग से कोई भी दिशा निर्देश नहीं मिले हैं।




**जनप्रतिनिधियों ने भी बैठक में नहीं लाया प्रस्ताव**

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा भी ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए आश्रम छात्रावासों के संचालन हेतु कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया। पूर्व में जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान जिला प्रशासन के समीप इस मुद्दे को उठाया था उसके बाद के जिला पंचायत के सदस्यों ने इस एजेंडे पर चर्चा ही नहीं की गई।

**शहर में यहां संचालित है छात्रावास**

जिला मुख्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए 50 व सौ सीटर प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक बालक बालिका छात्रावास स्थित है। जिनका संचालन आईटीआई परिसर में किया जा रहा है। इनके अलावा मिशन रोड स्थित हाई स्कूल कैंपस, बुधवारी बाजार, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के समीप चार स्थानों में आश्रम छात्रावासों का संचालन हो रहा है। पूर्व में ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के समीप छात्रावास संचालन की जानकारी सामने आई थी वह भी नहीं शुरु हो सका है।

# एसईसीआर मजदूर कांग्रेस ने महाप्रबंधक से की मुलाकात



मुलाकात करते हुए मजदूर कांग्रेस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष तपन चटर्जी के नेतृत्व में, तीनों मंडल के मंडल समन्वयक बी कृष्ण कुमार बिलासपुर, डी विजय कुमार रायपुर, इंदल दमाहे नागपुर मंडल, केंद्रीय पदाधिकारी दिलीप स्वैन, पीताम्बर लक्ष्मीनारायण, राजकुमार सांडे, एस. के. एम. पटनायक, रमेश पटनायक, बी. डी. प्रसाद, बी. आर. बोडलकर, शाखा सचिव डी. डी. महेश, राजेश सोनकर, बालकृष्ण बंगारी, राजेंद्र सिंह शामिल थे। नवपदस्थ महाप्रबंधक बिलासपुर सुश्री नीनू इट्टेयरा से परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मुख्य प्रधान कार्मिक अधिकारी के द्वारा महाप्रबंधक सुश्री नीनू इट्टेयरा का परिचय दिया गया। तत्पश्चात साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा महाप्रबंधक का शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक में सभी मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी का परिचय संपन्न हुआ, बैठक में एस ई सी आर के ज्वलंत मुद्दों पर पदाधिकारीयो ने अपनी बात रखी, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली कर्मचारियों के सुविधा के संदर्भ में, रनिंग कर्मचारियों के समस्याओं के संदर्भ में, एल एच बी कोच में मार्ग रक्षण के दौरान होने वाली समस्याओं के संदर्भ में, मजदूर कांग्रेस में महिला शाखा खोलने के संदर्भ में, विद्युत (परिचालन) विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों का जबरन स्थानांतरण के संदर्भ में और भी अन्य ज्वलंत मुद्दों पर बात की।

# महिला की अधजली लाश की गुत्थी सुलझी, प्रेमी ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेमिका द्वारा अपने शादीशुदा प्रेमी पर अपने बीवी बच्चों को छोड़कर अपने साथ रहने के दबाव से व्यथित प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका की

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रिस्दी सोनदरहा नाला में मिली थी लाश

हत्या की थी। कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रिस्दी सोनदरहा नाला के समीप एक 35 वर्षीय अज्ञात महिला की हत्या कर हत्यारे ने लाश को ठिकाने लगाने से पहले उसके शव को जला दिया और सोनदरहा नाले में लाश को ठिकाने लगा दिया। 9 जून की सुबह जब ग्रामीण दिशा मैदान के लिए पहुंचे तो उन्होंने महिला की लाश देख उनके होश उड़ गए और देखते ही देखते यह पूरे खबर गांव में फैल गई। लाश मिलने की सूचना पाते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी गई। प्रथम दृष्टया मामला यह स्पष्ट हो गया कि महिला की हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर हत्यारों के गिरेबान तक पहुंचने के लिए पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया सहित पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जहां वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह ने घटनास्थल का मुआयना करने पर पाया कि



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हत्यारे ने पहले महिला की हत्या की है और साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास किया है और उसके शव को ठिकाने लगा दिया गया ताकि पुलिस हत्यारों के गिरेबान तक ना पहुंच सके। इसी दौरान थाना प्रभारी कुसमुण्डा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ उक्त मामले में मृतिका की पहचान कार्यवाही हेतु लगातार प्रयास किया गया जो ग्राम सेमरा के तेरस राम कश्यप एवं दशरथ कश्यप ने महिला की शिनाख्त कर अपने बहन राम कुमारी कश्यप के रुप में किये महिला की शिनाख्त होने के उपरांत शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉक्टर द्वारा गला दबाकर हत्या करना लेख किये शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर अपराध धारा 302 भादवि का घटित होना पाये जाने से प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतिका का विगत 3-4 वर्षो से मनबोध भारद्वाज निवासी बोकरा मुड़ा के साथ प्रेम संबंध चल रहा था। मनबोध अपना घर छोड़कर मृतिका के साथ ही रहता था जो 8 जून को मृतिका को लेकर कटघोरा कोरबा तरफ आया था जानकारी प्राप्त होने पर संदेही मनबोध भारद्वाज की तलाश की गई जो मड़वा पावर प्लांट में मिला जिसे तलब कर लाकर पूछताछ करने पर पहले तो इधर उधर की बातें कर पुलिस को गुमराह करते रहा कि हिकमतअमली से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया और बताया कि विगत 4-5 वर्षों से वह राम कुमारी कश्यप से प्रेम करता रहा है और उसी के साथ रहता था चूंकि मनबोध पहले से शादीशुदा था तथा उसकी पत्नि का कुछ साल पहले मृत्यू हो गई है घर में बच्चे हैं जो मृतिका इस पर दबाव बनाती थी कि तुम यहीं रहो घर जाने की आवश्यता नही है जिससे आरोपी काफी खिन्न होकर रामकुमारी की हत्या करने योजना बनाने लगा। इसी कड़ी में 8 जून को अपने मोटर सायकल प्लेटिना क्र. सीजी 11 एजी 4175 में राम कुमारी को बैठाकर कटघोरा तरफ लेकर जा रहा था कि सर्वमंगला शराब भट्ठी से शराब लेकर वापस हो गया और रास्ते में घटनास्थल के पास बैठकर दोनो ने शराब पी और वहीं पर दोनो के बीच विवाद हो गया तब गुस्से में आकर मृतिका के गमछा से ही राम कुमारी का गला घोंटकर हत्या कर दिया तथा मृतिका पहने हुए सोने चांदी के आभूषण निकाल कर तथा उसका मोबाईल लेकर चला गया एवं मृतिका के पहचान को छिपाने के लिये अपने मोटर सायकल से पेट्रोल निकालकर शव को जलाया था बताया कि आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल क्र. सीजी 11 एजी 4175 घटना में प्रयुक्त गमछा मृतिका के सोने चांदी के जेवरात एवं मोबाईल को जप्त किया गया संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिस न्यायालय में पेश किया गया।

### महिला से मारपीट मामला दर्ज

**कोरबा।** शादी के 10 साल बाद भी बच्चा नहीं होने का ससुरालियों के द्वारा ताना देकर महिला को प्रताड़ित करने और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति, जेठ, जेठानी, डेढ़ सास समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी नगर पंचायत की है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शादी छुरी निवासी शिव प्रसाद चौहान के साथ 10 वर्ष पूर्व से हुई है। शादी के 10 साल बाद भी बच्चा नहीं होने की बात को लेकर पति शिव प्रसाद चौहान, जेठ कांता प्रसाद चौहान, जेठानी कुसुम बाई, डेढ सास राजकुमारी सभी मिलकर गाली-गलौच करते हुए रोज ताना मारकर आए दिन प्रताड़ित करते थे। इसी बात को लेकर घटना दिनांक 8 जून 2024 के शाम 3 बजे उक्त सभी ने मिलकर एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। शिव प्रसाद ने लोहे के राड से और कांता प्रसाद ने डंडा, कुसुम बाई, राजकुमारी ने पत्थर फेंककर मारा। जिससे पीड़िता को पूरे शरीर में चोटें आई है। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी मां और पिता को दी। इसके बाद थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। कटघोरा पुलिस ने पति, जेठ, जेठानी और डेढ़ सास के पर भादवि की धारा 294, 323, 34 और 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

# सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने एएसपी से की मुलाकात



एएसपी को ज्ञापन सौंपते आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्व आदिवासी समाज जिला के प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा से सौजन्य भेंट कर आदिवासी समाज के विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक परिचर्चा किया। संगठन के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राज ने भूमि अधिग्रहण के फलस्वरूप निर्मित समस्या, पुनर्वास रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण, स्थानीय बेरोजगार युवाओं की अनदेखी, ट्रैफिक जाम, प्रतिदिन घटित दुर्घटना, वनांचल क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात, दूरस्थ अंचलों में पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य का अभाव, पाली तानाखार क्षेत्र में उच्च शिक्षा हेतु कालेज की स्थापना, जिले में बालक बालिकाओं के छात्रवृत्ति छात्रवास के सीटों में वृद्धि, हसदेव बांगो परियोजना में स्थानीय लोगों को रोजगार एवं सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था आदि विषयों पर प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर परिचर्चा कर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रांतीय संगठन के आह्वान पर मोहला मानपुर जिला में नक्सल उन्मूलन के नाम पर निर्दोष ग्रामीणों पर अत्याचार किए जाने पर जेल भरो आंदोलन के विषय पर भी चर्चा की गई। जिस पर एडिशनल एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में समाज प्रमुखों से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सेवक राम मरावी, युवा प्रभाग अध्यक्ष केसी कंवर, प्रकाश कोराम, गणेश उइके, इन्द्रजीत नेटी, जगतपाल सिंह, कोरचे सिकन्दर टोप्पो, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हरिभूमि आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# प्रेरणा महिला मंडल के सदस्यों ने डीएसपीएम संयंत्र का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



संयंत्र भ्रमण के दौरान महिला मंडल के सदस्य।

डीएसपीएम संयंत्र के वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के मार्गदर्शन में पर्यावरण दिवस के तारतम्य में प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्षा सविता सचदेवा, आकृति महिला मंडल की अध्यक्षा निवेदिता बंजारा, एवं संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा निहारीका शर्मा सहित प्रेरणा मण्डल की सभी सदस्याओं द्वारा डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व का भ्रमण किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ द्वारा सर्विस बिल्डींग पोर्च में सभी को विजिटर पास देकर स्वागत किया गया इसके पश्चात संयंत्र के एमसीआर, टरबाईन फ्लोर, बायलर एरिया, ओ आर टी कक्ष में पावर प्वांइट प्रेजेंनटेशन द्वारा कोयला एवं पानी के द्वारा बिजली बनाने की प्रक्रिया को संक्षिप्त रूप से बताया गया। तत्पश्चात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डीएम प्लांट, एरिएटर, क्लेरिफायर, केमिकल लैब, कुलिंग टावर, क्लोरीनेशन प्लांट सीटी बेसिन केनाल एवं न्यू सल्फ्यूरिक एसिड टैंक एरिया का भ्रमण कराया गया तथा संबंधित शाखा के बारे में जानकारी भी प्रदान की गई। सभी सदस्याए पहली बार इस तरह का अनुभव मिलने पर अत्यधिक हर्षित एवं रोमांचित हुई। अध्यक्षा सविता सचदेव, निवेदिता बंजारा एवं निहारीका शर्मा ने संयंत्र भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया की इस तरह संयंत्र भ्रमण होते रहना चाहिए जिससे ज्ञान में वृद्धि एवं जानकारी प्राप्त होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं सभी को कपड़े की थैली तथा नैपकीन, स्टील चम्मच वितरण कर प्लास्टिक का उपयोग न करने पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाई। इस दौरान प्रेरणा महिला मण्डल की पदाधिकारी उपाध्यक्षा अंजना कुजुर, प्रियंका सूर्यवंशी, अनिता टंडन, साधना सोनी, अंजना मंडलोई, सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता, निशा गोठी, उत्तरा ठाकुर, अनु सरना, ज्योत्सना पुनवाटकर, रश्मि साहू, सुनीता शर्मा, स्मिता शर्मा, हेमलता गुरूपंच, रंजीता कश्यप, नंदिनी साहू उपस्थित रही। विशेष सहयोग रसायन विभाग के वरिष्ठ रसायनज्ञ रश्मि उसेंडी, प्रतिमा तिर्की, दिप्ती भादे एवं सहायक अभियंता (बीएमडी) कमलकांत यदु का रहा।

# रोजगार प्रकरणों का जल्द होगा निराकरण : राजीव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी व भूविस्थापित।

एसईसीएल के कुसमुंडा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने की मांग को लेकर 14 जून को एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक का घेराव प्रदर्शन की चेतावनी दी थी कुसमुंडा महाप्रबंधक राजीव सिंह ने आंदोलन से पहले ही भूविस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल को मांगो के संबंध में चर्चा के लिए बुलाया। रोजगार की मांग पर सकारात्मक चर्चा के बाद आंदोलन को स्थागित करते हुए भूविस्थापितों के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 10 दिनों बाद खदान बंद किया जाएगा।

किसान सभा के नेता प्रशांत झा ने बैठक में एसईसीएल के अधिकारियों से कहा की सभी भूविस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भूविस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भूविस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम,रेशम यादव,बृजमोहन ने कहा कि 1978 से लेकर 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है। लंबित रोजगार प्रकरणों में रोजगार के संबंध में एसईसीएल के महाप्रबंधक ने कहा कि खातेदारों को रोजगार देने की प्रक्रिया में तेजी आयेगी जल्द 5 भूविस्थापितों का फाइल 10 दिनों में बिलासपुर मुख्यालय भेज दिया जायेगा। बैठक में भूविस्थापितों की ओर से किसान सभा के प्रशांत झा, रोजगार एकता संघ से दामोदर श्याम,रेशम यादव,बृजमोहन के साथ प्रभावित भूविस्थापित उपस्थित थे। बैठक में लंबित रोजगार प्रकरणों में रोजगार देने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में भूविस्थापितों ने एसईसीएल के अधिकारियों से कहा कि 10 दिनों में रोजगार देने को लेकर उचित कार्यवाही नहीं होने पर खदान को बंद किया जाएगा। बैठक में भूविथापितों की और से प्रमुख रूप से जय कौशिक,अनिल बिंझवार,रघुनंदन, कृष्ण कुमार, हरिहर, होरीलाल, अनिरुद्ध,उत्तम, जितेंद्र, गणेश, मानिक दास,चंद्रशेखर,फणींद्र, के साथ बड़ी संख्या में भूविस्थापित उपस्थित थे।

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Korba To | Zest | Crysta | Today Offer* |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur Airport | 2999 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Mangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banaras / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp